दिनांक-1जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के माध्यम से 447 आवेदनों का हुआ निराकरण , समाधान योग्य आवेदनों का निगम के अधिकारी कर रहे त्वरित निराकरण

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियों को आपके सरकार आपके दुआरी की परिकल्पना को साकार करने निगम क्षेत्र के 6 स्थानों पर वार्ड 17 वृंदानगर, वार्ड 9 कोहका, वार्ड 21 बैकुंठ धाम मंदिर के पास, वार्ड 28 मंगल बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड 41 आयुर्वेदिक अस्पताल के पास सामुदायिक भवन एवं अंडा चौक स्थित भवन में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय की स्थापना की गई है इसके अतिरिक्त भी मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय खोले जाने के लिए आयुक्त महोदय ने समस्त आयुक्तों को स्थल की सूची प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है जिसमें से अंडा चौक स्थित सामुदायिक भवन मे मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय प्रारंभ किया जा चुका है। मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी , सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं। निगम से संचालित आवश्यक सेवाएं सड़क व नाली संधारण , नवीन नल कनेक्शन, पाइप लाइन का लीकेज संधारण , गंदे पानी से संबंधित निराकरण , स्ट्रीट लाइट संधारण, निजी कार्य हेतु पानी टैंकर की बुकिंग, संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, यूजर चार्जेस, विविध कर शुल्क, सामुदायिक भवन आरक्षण, लाइसेंस व्यापार , अनुज्ञप्ति शुल्क एवं नवीनीकरण , नालियों की सफाई ,

जनसम्पर्क अधिकारी